आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 30.01.2026 समय : 18.30 पीएम

0000

- प्रदेश में जर्जर घोषित ढाई हजार से अधिक स्कूल भवनों को गिराया जायेगा–वहीं 41 हजार से ज्यादा स्कूल भवनों की मरम्मत करायी जायेगी।
- विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर पक्ष विपक्ष के बीच तीखी नोकझोख–सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित।
- प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिये ऑनलाइन पंजीकरण कल से।
- इंडिया–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन 16 से 20 फरवरी तक दिल्ली में आयोजित होगा।

00000

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि राज्य के सभी जर्जर स्कूल भवनों की चरणबद्ध तरीके से मरम्मत कराई जाएगी। उन्होंने आज विधानसभा में एक तारांकित प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि 30 लाख रुपये से अधिक लागत वाले भवनों का सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा थर्ड पार्टी ऑडिट कराया जाता है। इससे भवनों की समय–समय पर निगरानी संभव होगी और सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किया जा सकेगा। शिक्षामंत्री ने सरकार द्वारा अगस्त 2025 में कराए गए सर्वे का हवाला देते हुए बताया कि प्रदेश के 3 हजार 768 स्कूल भवन जर्जर स्थिति में हैं, जिनमें से 2,558 को जर्जर घोषित किया जा चुका है। शेष भवनों की प्रक्रिया जारी है। वहीं 45 हजार 365 राजकीय विद्यालयों में से 41 हजार 178 में मरम्मत की आवश्यकता सामने आई है।

0000

राज्य विधानसभा में विशेष गहन पुनरीक्षण –एसआईआर की प्रक्रिया को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। कांग्रेस विधायक जाकिर हुसैन ने शून्यकाल में एसआईआर प्रक्रिया पर सदन में चर्चा का विषय उठाया, तो संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि यह मुद्दा विधानसभा में नहीं उठाया जा सकता। मंत्री की आपत्ति पर प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि सदस्य को बोलने की अनुमति स्पीकर ने दी है, जिसे चुनौती नही दी जा सकती। उन्होंने स्पष्ट किया कि विपक्ष केवल इतना जानना चाहता है कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान जो फार्म भरे गए हैं, उनकी जांच होगी या नहीं।

इस बीच पक्ष–विपक्ष में तीखी नोकझोंक हुई, हंगामे के बीच विधानसभा पहले 5 मिनट और फिर आधे घण्टे के लिए स्थगित की गई। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वे सदन में इस बारे में चर्चा कराने के लिये विषय विशेषज्ञों से राय लेंगे।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज शासन सचिवालय में राजस्थान संपर्क हेल्पलाइन 181 का निरीक्षण किया। उन्होंने हेल्पलाइन के माध्यम से परिवादियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। मुख्यमंत्री ने कोटपूतली–बहरोड़, डूंगरपुर और चूरू के निवासियों से प्रमाण पत्र तथा पट्टा जारी करने के संबंध में बात की और अधिकारियों को इनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा ताकि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण हो सके। उन्होंने लाभार्थियों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का फीडबैक भी लिया।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौता भारत को एक विकसित देश बनाने के दृष्टिकोण से पूरी तरह से मेल खाता है। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के लेख को साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने एक ऐसा क्रांतिकारी समझौता किया है जो बाजारों का विस्तार करता है, रोजगार सृजित करता है और देश के मूल हितों की रक्षा करता है।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि आगामी बजट और सरकारी नीतियों का उद्देश्य हर गांव और व्यक्ति को समृद्ध बनाना है। श्री बिरला आज कोटपूतली–बहरोड़ जिले के कल्याणपुरा कुहाड़ा में श्री छांपाला वाला भैंरूजी मंदिर के वार्षिकोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा देश विकास के लिए संकल्पित है।

00000

केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी को पेश किए जाने वाले आम बजट को लेकर लोगों में काफी उत्सुकता है। पाली के राजकीय मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर भोम सिंह ने बजट में मेडिकल कॉलेज की फीस में कमी की अपेक्षा की है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में डॉक्टरों के लिए नई भर्तियों की आवश्यकता पर जोर दिया। डॉक्टर सिंह ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर चिकित्सकों की नियुक्ति होने से स्थानीय लोगों को उपचार के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा।

....

0000

प्रदेश में रबी विपणन सीजन 2026–27 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के लिये ऑनलाइन पंजीकरण कल से शुरू होगा। किसान स्वयं या ई–मित्र के माध्यम से खाद्य और नागरिक आपूर्ति विभाग के पोर्टल पर 25 जून तक पंजीकरण करवा सकेंगे। केन्द्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया है। पंजीकरण के लिए अपडेटेड जन आधार कार्ड अनिवार्य है और भुगतान किसान के जन आधार से जुड़े बैंक खाते में किया जाएगा। राज्य में गेहूं खरीद 10 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलेगी। इसके लिए प्रदेशभर में 383 खरीद केंद्र स्थापित किए गए हैं। किसान किसी भी जानकारी या समस्या समाधान के लिए टोल फ्री नंबर 14435 पर संपर्क कर सकते हैं।

00000

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि नई दिल्ली में होने वाला इंडिया–एआई इम्पैक्ट शिखर सम्मेलन पूरी दुनिया में अब तक का सबसे बड़ा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन होगा। आज नई दिल्ली में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, श्री वैष्णव ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस शिखर सम्मेलन 16 से 20 फरवरी तक होगा और इसमें 100 से ज़्यादा मुख्य कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि जिस तरह से भारत ने अपने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित किया है वो सराहनीय है।

0000

प्रदेश में आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीद दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जयपुर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शासन सचिवालय स्थित गांधी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बापू के प्रिय भजन पेश किये गये। पाली में जिला कलेक्टर एल.एन. मंत्री और फलोदी में जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने गांधीजी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए। झुंझुनूं में पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय की उपस्थिति में पुलिस कर्मियों ने शहीदों के सम्मान में मौन रखा। भीलवाड़ा में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर बापू के आदर्शों का स्मरण किया गया। राज्यभर के सरकारी कार्यालयों में पूर्वाह्न 11 बजे सायरन बजने के साथ ही दो मिनट का मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

आज ही प्रदेश में कुष्ठ रोग दिवस भी मनाया गया। पाली में आज से कुष्ठ जागरूकता अभियान शुरू हुआ। 13 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आज हुए कार्यक्रम में लोगों को कुष्ठ रोग के लक्षणों के बारे में जानकारी दी गई और रोग से जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया।

0000

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड में निकली राजस्थान की झांकी ने 'पॉपुलर च्वाइस' श्रेणी में तीसरा पुरस्कार प्राप्त किया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता ने कल नई दिल्ली में रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ से यह पुरस्कार ग्रहण किया। बीकानेर की उस्ता कला पर आधारित इस झांकी को जनता के ऑनलाइन मतदान के आधार पर यह सम्मान मिला है। इस झांकी में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत और शिल्पकारी का प्रदर्शन किया गया था। इस श्रेणी में गुजरात को पहला और उत्तर प्रदेश को दूसरा स्थान मिला है।

0000

जैसलमेर में चार दिवसीय मरु महोत्सव के दौरान लोक संस्कृति के विभिन्न रंग देखने को मिल रहे हैं। उत्सव के तहत आयोजित कार्यक्रमों में देशी–विदेशी पर्यटक भाग ले रहे हैं। महोत्सव में आयोजित प्रतियोगिताएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। अधिक ब्यौरा दे रहे हैं हमारे जैसलमेर संवाददाता।

0000